# आईआईएम रांची में एगॉन रश की शुरुआत

रांची | प्रमुख संवाददाता

भारतीय प्रबंधन संस्थान रांची ने एक साथ वार्षिक प्रबंधन, सांस्कृतिक और खेल उत्सव का आयोजन किया। इसकी शुरुआत शुक्रवार को हुई। इस बार का विषय भिन्नता है। इसमें देश भर के शीर्ष बी-स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया।

इसमें वॉकथॉन 2021 के माध्यम से ट्रांसजेंडरों के अधिकारों की आवाज बुलंद की गई। मुख्य अतिथि के रूप में जैनब जाविद पटेल की भागीदारी रही। जैनब ट्रांसजेंडर हैं और राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण बनाम ट्रांसजेंडर अधिकारों के मामले में यूनियन ऑफ इंडिया के मामले में याचिकाकर्ताओं में से एक हैं। एगॉन-रश 2021 के तहत हायर प्रतियोगिता हुई। यह भर्ती आधारित प्रतियोगिता थी। इसमें बी-स्कूलों के ढेर सारे खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें एचआर एक्जिक्यूटिव्स, ऑपरेशंस मैनेजर्स, बिजनेस एक्जिक्यूटिव्स और अन्य लोगों की बेहतरीन प्रोफाइल बनाने के लिए बोली लगाई थी।

इस आयोजन की शुरुआत एक ऑनलाइन दौर के साथ हुई और इसके बाद बोली का दौर शुरू हुआ। तीसरे और अंतिम दौर 'द एक्सपोज' में भाग लेने वाली टीमों को अपनी पसंद के प्रोफाइल और निर्णायकों के पैनल के सामने अपनी चुनी हुई टीम के लिए बोली लगाने के पीछे की रणनीति को सही ठहराने के लिए कहा गया। इस उत्सव में केस स्टडी, खेल, संगीत, नृत्य, क्विज आदि का भी आयोजन हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़चढ़ हिस्सा लिया।

## निदेशक ने आयोजन करने के लिए छात्रों को बधाई

आईआईएम के निदेशक प्रो शैलेन्द्र सिंह ने आयोजन करने के लिए छात्रों को बधाई दी। कहा कि इस आयोजन में कोई विजेता या हारने वाला नहीं है। उन्होंने सभी छात्रों को उत्साह और टीम की भावना के साथ भाग लेने की सलाह दी। प्रो नितिन सिंह ने कहा कि प्रतिभा और बुद्धिमत्ता ने अभी तक किसी को भी प्रतिशोध के खिलाफ नहीं उकसाया है। मुख्य अतिथि जैनब पटेल ने समाज में असमानताओं के बारे में बात की। उन्होंने विशेषाधिकार प्राप्त लोगों से आह्वान किया कि वे समाज से जुड़ाव का इस्तेमाल करें, ताकि ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रति दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव आ सके। उन्होंने कहा कि ट्रांसजेंडरों के अधिकारों को लेकर समाज में जागरुकता बहुत कम है।

Hindustan, 06.02.2021, Pg.06